# *परमाणु ऊर्जा विभाग*

## मांग संख्या 6

## नाभिकीय विद्युत योजनाएं

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2003-2004 आयोजना | बजट 2003-2004 आयोजना-भिन्न | बजट 2003-2004 जोड़ | संशोधित 2003-2004 आयोजना | संशोधित 2003-2004 आयोजना-भिन्न | संशोधित 2003-2004 जोड़ | बजट 2004-2005 आयोजना | बजट 2004-2005 आयोजना-भिन्न | बजट 2004-2005 जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व | | ... | -69.42 | -69.42 | ... | -378.70 | -378.70 | ... | -292.03 | -292.03 |
| पूंजी | | *2000.00* | *...* | *2000.00* | *2300.00* | *...* | *2300.00* | *2257.62* | *...* | *2257.62* |
| **जोड़** | | **2000.00** | **-69.42** | **1930.58** | **2300.00** | **-378.70** | **1921.30** | **2257.62** | **-292.03** | **1965.59** |
| **नाभिकीय विद्युत परियोजनाएं** | | | | | | | | | | |
| 1. राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र | | | | | | | | | | |
| सकल | 2801 | ... | 174.00 | 174.00 | ... | 134.66 | 134.66 | ... | 171.25 | 171.25 |
| घटाइए - प्राप्तियां | 0801 | ... | -187.00 | -187.00 | ... | -141.17 | -141.17 | ... | -178.90 | -178.90 |
| निवल | | ... | -13.00 | -13.00 | ... | -6.51 | -6.51 | ... | -7.65 | -7.65 |
| 2. ईंधन भंडार | | | | | | | | | | |
| सकल | 2801 | ... | 749.58 | 749.58 | ... | 623.05 | 623.05 | ... | 589.21 | 589.21 |
| घटाइए - प्राप्तियां | 0801 | ... | -833.00 | -833.00 | ... | -928.51 | -928.51 | ... | -869.15 | -869.15 |
| निवल | | ... | -83.42 | -83.42 | ... | -305.46 | -305.46 | ... | -279.94 | -279.94 |
| 3. तारापुर और कल्पक्कम में अपशिष्ट | 2801 | ... | 18.00 | 18.00 | ... | 16.67 | 16.67 | ... | 17.55 | 17.55 |
| पदार्थ प्रबन्ध सुविधाएं | 4801 | 3.40 | ... | 3.40 | 16.00 | ... | 16.00 | 5.50 | ... | 5.50 |
| | *जोड़* | *3.40* | *18.00* | *21.40* | *16.00* | *16.67* | *32.67* | *5.50* | *17.55* | *23.05* |
| 4. भारी पानी पूल प्रबन्ध | | | | | | | | | | |
| सकल | 2801 | ... | 525.00 | 525.00 | ... | 525.00 | 525.00 | ... | 535.00 | 535.00 |
| घटाइए - प्राप्तियां | 0801 | ... | -516.00 | -516.00 | ... | -608.40 | -608.40 | ... | -556.99 | -556.99 |
| निवल | | ... | 9.00 | 9.00 | ... | -83.40 | -83.40 | ... | -21.99 | -21.99 |
| 5. प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर टैस्ट रिएक्टर (पी.एफ.बी.आर) | 4801 | 86.60 | ... | 86.60 | 24.31 | ... | 24.31 | 8.10 | ... | 8.10 |
| 6. परमाणु ऊर्जा विभाग | 4801 | 10.00 | ... | 10.00 | 4.13 | ... | 4.13 | 7.72 | ... | 7.72 |
| 7. *सरकारी उद्यमों में निवेश* | | | | | | | | | | |
| 7.01 नाभिकीय विद्युत निगम | 4801 | 1200.00 | ... | 1200.00 | 1213.16 | ... | 1213.16 | 1283.00 | ... | 1283.00 |
| | 6801 | 700.00 | ... | 700.00 | 1000.00 | ... | 1000.00 | 700.00 | ... | 700.00 |
| | *जोड़* | *1900.00* | *...* | *1900.00* | *2213.16* | *...* | *2213.16* | *1983.00* | *...* | *1983.00* |
| 7.02 भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लि. (भाविनी) | 4801 | ... | ... | ... | 42.40 | ... | 42.40 | 253.30 | ... | 253.30 |
| **जोड़- सरकारी उद्यमों में निवेश** | | **1900.00** | **...** | **1900.00** | **2255.56** | **...** | **2255.56** | **2236.30** | **...** | **2236.30** |
| ***कुल जोड़*** | | ***2000.00*** | ***-69.42*** | ***1930.58*** | ***2300.00*** | ***-378.70*** | ***1921.30*** | ***2257.62*** | ***-292.03*** | ***1965.59*** |

| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7.01 नाभिकीय विद्युत निगम | 12801 | 1900.00 | 1170.00 | 3070.00 | 2213.16 | 1293.00 | 3506.16 | 1983.00 | 1911.00 | 3894.00 |
| 7.02 भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लि. (भाविनी) | 12801 | ... | ... | ... | 42.40 | ... | 42.40 | 253.30 | ... | 253.30 |
| | *जोड़* | *1900.00* | *1170.00* | *3070.00* | *2255.56* | *1293.00* | *3548.56* | *2236.30* | *1911.00* | *4147.30* |
| **ग. आयोजना परिव्यय** | | | | | | | | | | |
| 1. विद्युत | | | | | | | | | | |
| i. नाभिकीय विद्युत योजनाएं | 12801 | 2000.00 | 1170.00 | 3170.00 | 2300.00 | 1293.00 | 3593.00 | 2257.62 | 1911.00 | 4168.62 |

1. **राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र (रा.प.वि.के.) रावतभाताः** राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र यूनिट-।  का प्रबंध चालन लागत की प्रतिपूर्ति  आधार पर भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड को सौंपा गया है। इसलिए केन्द्र के प्रचालन संबंधी व्ययों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

2. **ईंधन भंडारः** इसमें तारापुर परमाणु विद्युत केन्द्र तथा अन्य दाबित भारी पानी के रिएक्टरों के लिए ईंधन पर होने वाले व्यय के लिए प्रावधान किया गया है।

3. **तारापुर और कल्पक्कम अपशिष्ट पदार्थ प्रबन्ध सुविधाएं** : भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने तारापुर तथा कलपक्कम में अपशिष्ट पदार्थ सुविधाएं एवं अपशिष्ट पदार्थ सुस्थिरीकरण संयंत्र स्थापित किए हैं। ये सुविधाएं विद्युत केन्द्रों द्वारा उत्पादित रेडियो - एक्टिव अपशिष्ट पदार्थों के संसाधन एवं भंडारण के लिए है।

4. **भारी पानी पूल प्रबंध** : इसमें भारी पानी के भंडार के प्रबंध के लिए प्रावधान किया गया है। भारी पानी के उपयोग के लिए पट्टे संबंधी प्रभार प्रचालित विद्युत केन्द्रों से वसूल किए जाते हैं।

5. **प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर)ः आई.जी.सी.ए.आर.** नव गठित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा निर्मित किए जा रहे प्रोटोटाईप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के निर्माण के लिए लक्षित अनुसंधान एवं विकास सहायता की व्यवस्था हेतु प्लान योजनाओं का परिशीलन करता है।

6. **अन्य योजनाएंः** राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र में अतिरिक्त प्रयुक्त ईंधन भंडारण सुविधा नामक परियोजना, जिसका वित्तपोषण परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा किया जा रहा है, एन.पी.सी.आई.एल द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। इसके अंतर्गत राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र 1 एवं 2 के लिए 15 और वर्षों की प्रचालनात्मक कार्यावधि के लिए प्रयुक्त ईंधन भंडारण के लिए व्यवस्था की जाएगी।

7. **सार्वजनिक उद्यमों में निवेश**

7.1 **न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एन.पी.सी.आई.एल) मुम्बईः** एन.पी.सी.आई.एल. देश में विद्युत उत्पादन के लिए नाभिकीय ऊर्जा को उपयोग में लाने के लिए एक नोडल अभिकरण है। एन.पी.सी.आई.एल. द्वारा तारापुर, रावतभाटा, कल्पक्कम, नरोरा, ककरापड़ तथा कैगा में 2720 मेगावाट की क्षमता वाले चौदह नाभिकीय विद्युत रिएक्टरों का प्रचालन किया जा रहा है। इस समय जारी विद्युत परियोजनाएं हैं; कुदानकुलम 1 और 2, आरएपीएस 5 और 6, टीएपीएस 3 और 4 और कैगा 3 और 4।

7.2 **भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लि. (भाविनी) कलपक्कम** - प्रोटोटाईप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर परियोजना के क्रियान्वयन के लिए सितम्बर 2003 में कंम्पनी अधिनियम 1956 के तहत भाविनी का सृजन किया गया था । यह प्रावधान इक्विटी में निवेश के लिए है।



**Website: http://indiabudget.nic.in**